Title: Need to expedite completion of Panchanada Project in Etawah Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री प्रेमदास (इटावा): मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा जिला उत्तर प्रदेश में लगातार कम वर्षा के कारण जल स्तर नीचे खिसकने से पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। हैंडपम्प जल स्तर नीचे जाने के कारण खराब पड़े हैं। भीषण गर्मी में पेयजल के कारण किसानों के जानवर व जंगली जानवर प्यास के कारण मर रहे हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा जिला उत्तर प्रदेश में औरया में एक पंच नदा परियोजना स्वीकृत है। उसमें विगत वर्षों में कुछ धन का आबंटन किया गया था लेकिन कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। इस परियोजना के पूरे होने से औरया, इटावा, जालौन, भिंड, कानपुर देहात, कानपुर नगर और अन्य जिलों का भूमिगत जलस्तर सही रहेगा और कृषि के लिए पर्याप्त पानी व जानवरों को भी पानी मिल सकेगा।

मेरी मांग है कि इस परियोजना के कार्य में और तेजी लाई जाये ताकि पेयजल के संकट से निपटा जा सके।